ई–मेल

**पत्र संख्याः–1/से०अ०–1002/2024–सा०प्र०–9524/**

**बिहार सरकार**

**सामान्य प्रशासन विभाग**

प्रेषक,

**सिद्धेश्वर चौधरी,**
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

**भारतीय प्रशासनिक सेवा (बिहार संवर्ग) के सभी पदाधिकारी।**

दिनांकः **27.05.2026**

**विषय :–** **सामान्य प्रशासन विभाग के सेवा इतिहास पोर्टल पर सेवागत अभिलेखों की प्रविष्टि एवं अद्यतनीकरण के संबंध में।**

**प्रसंगः–** **सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–01/से०अ०–1002/2024–सा०प्र०–19722 दिनांक 16.10.2025.**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र दिनांक 16.10.2025 की छायाप्रति संलग्न करते हुए निदेशानुसार कहना है कि उक्त विभागीय पत्र द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के आधिकारिक वेबसाइट **(https://sewa-itihas.bihar.gov.in)** पर संचालित 'सेवा इतिहास पोर्टल' पर सेवागत सभी अभिलेखों (प्रथम नियुक्ति से अबतक की सेवा से संबंधित अभिलेख) को विहित प्रक्रिया से अपलोड करने का अनुरोध पूर्व से परिचालित है। इस संग्रहण का उद्देश्य भा.प्र.से. पदाधिकारियों के सेवा अभिलेखों को एक प्लेटफॉर्म पर समेकित रूप से संधारित करना है ताकि संबंधित पदाधिकारी/प्राधिकार द्वारा आवश्यकतानुसार उनका उपयोग किया जा सके।

2. आलोच्य संदर्भ में सेवा इतिहास पोर्टल पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों (केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर सेवारत पदाधिकारी सहित) द्वारा अबतक अपलोड किए गए अभिलेखों के अवलोकन से दृष्टिगोचर होगा कि उक्त अभिलेखों में बहुसंख्य पदाधिकारियों के नियुक्ति–पत्र, सेवा सम्पुष्टि का पत्र और शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण–पत्र अपलोडेड नहीं है।

3. प्रसंगवश उल्लेखनीय है कि मोबाईल संख्या से प्रथम बार लॉग–इन करने के बाद प्राप्त होने वाले ओटीपी के आधार पर पासवर्ड का निर्माण किया जा सकता है। तत्पश्चात्, उक्त पासवर्ड के सहारे सेवा इतिहास पोर्टल पर समय–समय पर लॉग–इन कर सेवा संबंधी अभिलेखों/सूचनाओं (यथा–स्थानांतरण/पदस्थापन/सेवा–विनयमन/छुट्टी/एलटीसी/चिकित्सा प्रतिपूर्ति/प्रशिक्षण इत्यादि अभिलेख/सूचना) की प्रविष्टि की जा सकती है।

**4.** सेवागत अभिलेखों के संधारण में हो रही किसी भी असुविधा की स्थिति में सामान्य प्रशासन विभाग के आई.टी. प्रबंधक–श्री शकील अहमद (मोबाईल संख्या–9430516522) से सम्पर्क किया जा सकता है।

**5.** अतः अनुरोध है कि विभागीय सेवा इतिहास पोर्टल पर लॉग–इन कर सेवा संबंधी अभिलेखों को उक्त पोर्टल पर विहित प्रक्रिया से शीघ्र अपलोड करने की कृपा की जाए।

**अनु०ः–यथोक्त।**

**विश्वासभाजन,**

27/5/2026

**(सिद्धेश्वर चौधरी)**

**सरकार के अवर सचिव।**

78|Prachish| D:\Arvind\2024\ letter

**ई–मेल**

**पत्रांक–1/से०अ०–1002/2024–सा०प्र०–.19722/**

**बिहार सरकार**

**सामान्य प्रशासन विभाग**

प्रेषक,

**सिद्धेश्वर चौधरी,**
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

**सभी भा.प्र.से. पदाधिकारी (बिहार संवर्ग)**

पटना–15, दिनांक–.16.10.25

**विषय:–** **सामान्य प्रशासन विभाग के सेवा इतिहास पोर्टल पर सेवागत अभिलेखों की प्रविष्टि एवं अद्यतनीकरण के संबंध में।**

**प्रसंग:–** **सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–1/से.अ. –1002/2024–सा.प्र.–14679 दिनांक 07.08.2025.**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि उक्त विभागीय पत्र द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के आधिकारिक वेबसाइट **(https://sewa-itihas.bihar.gov.in)** पर संचालित 'सेवा इतिहास पोर्टल' पर सेवागत सभी अभिलेखों (प्रथम नियुक्ति से अबतक की सेवा से संबंधित अभिलेख) को विहित प्रक्रिया से अपलोड करने का अनुरोध पूर्व से परिचालित है। इस संग्रहण का उद्देश्य भा.प्र.से. पदाधिकारियों के सेवा अभिलेखों को एक प्लेटफार्म पर समेकित रूप से संधारित करना है ताकि संबंधित पदाधिकारी/प्राधिकार द्वारा आवश्यकतानुसार उनका उपयोग किया जा सके।

2. संदर्भगत सेवा इतिहास पोर्टल पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों (केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर सेवारत पदाधिकारी सहित) द्वारा अबतक अपलोड किए गए अभिलेखों के अवलोकन से दृष्टिगोचर होगा कि उक्त अभिलेखों में 204 पदाधिकारियों के नियुक्ति–पत्र, 72 पदाधिकारियों की सेवा सम्पुष्टि का पत्र और 111 पदाधिकारियों की शैक्षणिक योग्यता अपलोडेड नहीं रहने के साथ–साथ 51 पदाधिकारियों के 20 से कम अभिलेख पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

3. प्रसंगवश उल्लेखनीय है कि मोबाईल संख्या से प्रथम बार लॉग–इन करने के बाद प्राप्त होने वाले ओटीपी के आधार पर पासवर्ड का निर्माण किया जा सकता है। तत्पश्चात्, उक्त पासवर्ड के सहारे सेवा इतिहास पोर्टल पर समय–समय पर लॉग–इन कर सेवा संबंधी अभिलेखों/सूचनाओं

(यथा– स्थानांतरण/पदस्थापन/सेवा–विनयमन/ छुट्टी/ एलटीसी/ चिकित्सा प्रतिपूर्ति/प्रशिक्षण इत्यादि अभिलेख/सूचना) की प्रविष्टि की जा सकती है।

4. सेवागत अभिलेखों के संधारण में हो रही किसी भी असुविधा की स्थिति में सामान्य प्रशासन विभाग के आई.टी. प्रबंधक–श्री शकील अहमद (मोबाईल संख्या–9430516522) से सम्पर्क किया जा सकता है।

5. अतः अनुरोध है कि विभागीय सेवा इतिहास पोर्टल पर लॉग–इन कर सेवा संबंधी अभिलेखों को यदि अबतक अपलोड नहीं किया गया हो, तो उन्हें उक्त पोर्टल पर विहित प्रक्रिया से शीघ्र अपलोड किया जाना अपेक्षित है।

सेवा इतिहास को अद्यतन किए जाने के निमित्त नए अभिलेखों को भी नियमित रूप से अपलोड करने की कृपा की जाए ताकि भा.प्र.से. पदाधिकारियों के सेवा संबंधी सभी अभिलेखों की विभागीय सेवा इतिहास पोर्टल पर उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

अनु०:– यथोक्त।

विश्वासभाजन,

13/10/2025

(सिद्धेश्वर चौधरी)
सरकार के अवर सचिव।

**ई–मेल**

**पत्रांक–1/से0अ0–1002/2024–सा.प्र.–14679.../**

**बिहार सरकार**

**सामान्य प्रशासन विभाग**

प्रेषक,

**संजय कुमार,** भा.प्र.से.
सरकार के विशेष सचिव।

सेवा में,

**सभी भा.प्र.से. पदाधिकारी (बिहार संवर्ग)**

पटना–15, दिनांक–07.08.25

**विषयः–** **सामान्य प्रशासन विभाग के सेवा इतिहास पोर्टल पर सेवागत अभिलेखों की प्रविष्टि एवं अद्यतनीकरण के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि सरकारी सेवकों/कार्मिकों के सेवागत अभिलेखों को पदाधिकारी/कर्मीवार संगृहीत और संधारित करने के उद्देश्य से सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के आधिकारिक वेबसाइट पर सेवा इतिहास पोर्टल (https://sewa-itihas.bihar.gov.in) संचालित है। इसका उद्देश्य पदाधिकारियों/कर्मियों की सेवा अभिलेखों की समेकित उपलब्धता को सुनिश्चित करना है। सेवागत अभिलेखों की उक्त उपलब्धता विभाग और पदाधिकारी/कर्मियों के लिए भी सर्वदा उपयोगी होगी।

2. प्रसंगवश उल्लेखनीय है कि विभिन्न विभागीय पत्रों के माध्यम से बिहार संवर्ग के भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को भी विभागीय सेवा इतिहास पोर्टल पर संगत सभी अभिलेखों को स्वयं अथवा किसी प्रतिनिधि के माध्यम से अपलोड कराने का अनुरोध प्रेषित है। इसके लिए प्रशाखा–01, कमरा संख्या–175, सामान्य प्रशासन विभाग में समुचित व्यवस्था की गयी है।

मोबाईल संख्या से लॉग–इन किए जाने के उपरांत प्राप्त होने वाले ओटीपी का पासवर्ड के रूप में उपयोग कर सेवा संबंधी अभिलेखों/सूचनाओं की प्रविष्टि सेवा इतिहास पोर्टल (https://sewa-itihas.bihar.gov.in) पोर्टल पर की जा सकती है। सुलभ प्रसंगवश इस संदर्भ में प्रेषित विभागीय पत्रांक–12745 दिनांक 11.07.2025 की छायाप्रति संलग्न है।

कृ.पृ.उ.

3. सेवागत अभिलेखों के संधारण में हो रही असुविधा की स्थिति में सामान्य प्रशासन विभाग के आई.टी. प्रबंधक–श्री शकील अहमद (मोबाईल संख्या–9430516522) से सम्पर्क किया जा सकता है।

4. अतः अनुरोध है कि विभागीय सेवा इतिहास पोर्टल पर सेवा संबंधी अभिलेखों को यदि अब तक अपलोड नहीं किया गया हो, तो उन अभिलेखों को उक्त पोर्टल पर शीघ्र अपलोड करने के साथ–साथ सेवा इतिहास को अद्यतन किए जाने के उद्देश्य से नए अभिलेखों को भी नियमित रूप से अपलोड करने की कृपा की जाए।

अनु०:– यथोक्त।

विश्वासभाजन,

7/8/25

(संजय कुमार)

सरकार के विशेष सचिव।

Flow Diagram

